**खबर संक्षेप**

### बदेरा पुलिस की सक्रियता से गुम हुई दो नाबालिग लड़कियां सकुशल बरामद

**मैहर।** पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.चंचल नागर एवं नगर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बदेरा निरीक्षक अभिषेक सिंह परिहार के नेतृत्व में थाना बदेरा पुलिस द्वारा गुम हुई दो नाबालिग लड़कियों को लगातार प्रयास करते हुए दस्तयाब कर सुरक्षित उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। फरियादी द्वारा थाना बदेरा में सूचना दी गई कि उसकी नाबालिग पुत्री उम्र लगभग 16 वर्ष घर से बिना बताए कहीं चली गई है। सूचना पर थाना बदेरा में अपराध क्रमांक 13/26 धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा संभावित स्थानों पर तलाश,रिश्तेदारों एवं परिचितों से पूछताछ तथा तकनीकी माध्यमों की सहायता से लगातार प्रयास किए गए। उक्त नाबालिग लड़की को सकुशल दस्तयाब कर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया। इसी प्रकार एक अन्य फरियादी द्वारा सूचना दी गई कि उसकी नाबालिग पुत्री उम्र लगभग 15 वर्ष घर से बिना बताए कहीं चली गई है। सूचना पर थाना बदेरा में अपराध क्रमांक 44/26 धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा लगातार पतासाजी करते हुए संभावित स्थानों पर दबिश दी गई तथा तकनीकी जानकारी के आधार पर तलाश की गई। पुलिस के निरंतर प्रयासों से उक्त नाबालिग लड़की को सकुशल दस्तयाब कर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक अभिषेक सिंह परिहार, सउनि. गंगादीन वर्मा, सउनि.अरविन्द सिंह, सउनि.रमेश प्रसाद ओझा, आर.गजराज सिंह, आर.दिलीप ओझा, आर.सुशील कुमार एवं म.आर पूर्णिमा सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

### एचपीवी टीकाकरण को गति देने कलेक्टर पहुँचे जिला अस्पताल



**सतना।** जिले में महिलाओं में होने वाली गंभीर बीमारी सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए चलाए जा रहे एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान को गति देने के उद्देश्य से कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस शनिवार को जिला अस्पताल पहुंचे।उन्होंने जिला अस्पताल सहित अन्य टीकाकरण केंद्रों का निरीक्षण कर अभियान की प्रगति की जानकारी ली और स्वास्थ्य अधिकारियों को टीकाकरण अभियान को तेज करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने कहा कि जिले में 14 से 15 वर्ष की किशोरियों को एचपीवी का टीका लगाया जा रहा है,जिससे उन्हें भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचाव मिल सकेगा। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों को इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए टीकाकरण अवश्य कराएं। जिले के 6स्वास्थ्य केंद्रों में लगभग 4 हजार रुपये मूल्य का एचपीवी टीका निःशुल्क लगाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीकाकरण के लिए विशेष व्यवस्था की गई है और अधिक से अधिक किशोरियों को इसका लाभ दिलाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

## नागौद में दबंगों का कहर

# युवक को अगवा कर एक घंटे तक बेल्ट से पीटा



बीच-बचाव करना पड़ा भारी
पुरानी रंजिश को लेकर वारदात, गंभीर

### हालत में अस्पताल में भर्ती, पुलिस ने दर्ज किया मामला

सतना।

**जिले के नागौद कस्बे में इंसानियत को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहाँ एक युवक को दो पक्षों के बीच सुलह कराना इतना महंगा पड़ गया कि दबंगों ने उसे बंधक बनाकर एक घंटे तक बेरहमी से पीटा। बेल्ट और मुक्कों के प्रहार से युवक के शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं,जिसे उपचार के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**





#### बहाने से ले गए ईदगाह के पास

पुलिस के अनुसार,खेरवाटोला निवासी मुकुट दाहिया ने बताया कि 3 फरवरी को सचिन वर्मन और अंकित सिंह के बीच हो रहे विवाद में उसने बीच-बचाव किया था। इसी बात की खुन्नस रखते हुए शुक्रवार शाम करीब 5:30 बजे आरोपी हर्षित सिंह और सिद्धार्थ सिंह उसे काम का बहाना देकर अपनी गाड़ी में बैठा ले गए।

#### एक घंटे तक चलता रहा जुल्म

आरोप है कि ईदगाह के पास ले जाकर दोनों ने पुराने विवाद का जिक्र करते हुए मुकुट पर हमला कर दिया। हर्षित सिंह ने बेल्ट से ताबड़तोड़ वार किए,वहीं दोनों ने मिलकर उसे मुक्कों से भी लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## ईरान-इजराइल युद्ध की तपिश अब रसोई तक: सतना में घरेलू गैस सिलेंडर 60 महंगा, कमर्शियल के दाम भी उछले

सतना।

पश्चिम एशिया में गहराते युद्ध के बादलों का असर अब सीधे आम आदमी की जेब पर पड़ने लगा है। अमेरिका,इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल और गैस की कीमतों में अस्थिरता पैदा हो गई है। इसी के चलते भारत में घरेलू और व्यावसायिक गैस सिलेंडर के दामों में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है।



#### घरेलू और व्यावसायिक सिलेंडर के नए दाम

सतना जिले में अब रसोई गैस का उपयोग करने वाले परिवारों को तगड़ा झटका लगा है।घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में 60 रुपए की वृद्धि की गई है,जिसके बाद अब एक सिलेंडर 937.50 में मिलेगा। केवल घरेलू ही नहीं,बल्कि व्यावसायिक (कमर्शियल) सिलेंडर के दामों में भी वृद्धि हुई है,जिससे अब यह 2160 का हो गया है।

#### लाखों उपभोक्ता और कारोबारी प्रभावित

एक आंकड़े के मुताबिक,सतना शहरी क्षेत्र में गैससिलेंडर का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं की संख्या 1 लाख से अधिक है। दामों में हुई इस अचानक बढ़ोतरी से मध्यमवर्गीय परिवारों का बजट बिगड़ना तय है। वहीं,छोटे दुकानदारों से लेकर बड़े होटलों और अन्य व्यावसायिक संस्थानों में कमर्शियल सिलेंडर की बड़ी खपत होती है।व्यापारियों का कहना है कि गैस के दाम बढ़ने से खान-पान की चीजों के दाम भी बढ़ सकते हैं।

#### महंगाई बढ़ने की आशंका

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अमेरिका,इजराइल और ईरान के बीच चल रहा यह युद्ध लंबा खिंचता है, तो आने वाले दिनों में मुश्किल और बढ़ सकती है। गैस के बाद पेट्रोल,डीजल और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों के दामों में भी इजाफा होने की प्रबल संभावना है,जिससे माल ढुलाई महंगी होगी और आम जरूरत की अन्य वस्तुओं की कीमतें भी आसमान छू सकती हैं।

## इंस्टाग्राम रील बनी 'जाल': वर्क फ्रॉम होम के नाम पर सतना के युवक से 8 लाख की ठगी

### साइबर ठगी का बड़ा मामला

### पहले 100 रुपये का लालच दिया, फिर टास्क के नाम पर खाली करा लिया बैंक खाता

सतना।

मनोरंजन के लिए इंस्टाग्राम पर रील देखना धवारी निवासी एक युवक को बेहद भारी पड़ गया। वर्क फ्रॉम होम का आकर्षक विज्ञापन देखकर साइबर अपराधियों के झांसे में आए शिवम त्रिपाठी ने अपनी मेहनत की 8 लाख रुपये की कमाई गंवा दी। ठगों ने बड़ी ही चतुराई से पहले कमीशन का भरोसा दिया और फिर बड़े निवेश के नाम पर पूरी रकम पार कर दी।



#### ऐसे बुना ठगी का ताना-बाना

पीड़ित शिवम ने बताया कि 3 मार्च को रील देखते समय उन्हें घर बैठे कमाई का विज्ञापन दिखा। लिंक पर क्लिक करते ही उन्हें एक फर्जी वेबसाइट और फिर व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ दिया गया। सबसे पहले 200 रुपये निवेश कराए गए और तुरंत 100 रुपये कमीशन वापस दिया गया। छोटा मुनाफा देख शिवम का भरोसा बढ़ गया। इसके बाद ठगों ने 'टास्क' पूरा करने के नाम पर बड़ी रकम जमा करानी शुरू की। देखते ही देखते शिवम ने 8 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। जब उन्होंने अपनी रकम निकालनी चाही,तो ग्रुप से रिस्पॉन्स मिलना बंद हो गया और ठगी का अहसास हुआ। साइबर सेल में जांच जारी ठगी का शिकार होने के बाद पीड़ति ने साइबर सेल और सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस अब उन बैंक खातों और मोबाइल नंबरों को ट्रैक कर रही है,जिनके जरिए इस बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया है।




## व्यायाम का प्रशिक्षण दिया गया

**मैहर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अंतर्गत फिट इंडिया वूमेन'एस वीक के द्वितीय दिवस के अवसर पर युवा भारत जिला प्रभारी योगाचार्य अनिकेत पाल के द्वारा के द्वारा विवेकानंद कॉलेज मैहर में सशक्त वाहिनी की स्वयंसेविकाओं को मानसिक शांति एवं तनाव मुक्त जीवन जीने के लिए योग एवं व्यायाम का प्रशिक्षण दिया गया योगमन को निर्मल एवं जीवन को सरल बनाता है योग में प्रमुख रूप से खड़े होकर किए जाने वाले अभ्यास ताड़ासन, वृक्षासन, चक्रासन, त्रिकोणासन, सूर्य नमस्कार बैठकर किए जाने वाले आसन वज्रासन,पश्चिमोत्तानाशन,पेट के बल लेटकर किए जाने वाले आसन भुजंगासन, धनुरासन, मकरासन पीठ के बल लेटकर किए जाने वाले आसन चक्रासन,हलासन और अनुलोम-विलोम प्राणायाम , कपालभाति, भस्त्रिका,उदगीत एवं ध्यान का अभ्यास करवाया गया प्रतिदिन योगाभ्यास करने से हमारा मन एवं शरीर पूर्ण रूप से स्वस्थ रहता है तनाव मुक्त जीवन जीने के लिए योगाभ्यास अत्यंत आवश्यक है योग हमें शारीरिक रूप से ही नहीं बल्कि यह हमें मानसिक रूप से भी मजबूत बनाता है और हमारा बौद्धिक विकास करता है कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन मैहर,महिला एवं बाल विकास विभाग जिला मैहर मध्यप्रदेश के द्वारा आयोजित किया गया इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास अधिकारी राजेंद्र बांगरे,प्रोफेसर रश्मि गुप्ता,युवा भारत जिला प्रभारी योगाचार्य अनिकेत पाल,कराटे कोच धनराज केवट और वर्षा तिवारी सशक्त वाहिनी की समस्त बालिकाएं उपस्थिति रही।

### वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश गौतम बने पश्चिम मध्य रेलवे के अधिवक्ता

**मैहर।** मैहर के प्रतिष्ठित विधि विशेषज्ञ एवं अधिवक्ता परिषद के जिला अध्यक्ष एडवोकेट राजेश गौतम को पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा पैनल अधिवक्ता नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से न केवल विधि जगत बल्कि पूरे मैहर क्षेत्र में हर्ष और गौरव का माहौल है। पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक कार्यालय,जबलपुर द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार वरिष्ठ अधिवक्ता एवं भारत सरकार के नोटरी राजेश गौतम को रेलवे प्रशासन की ओर से जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों में पैरवी के लिए अधिकृत किया गया है। रेलवे के पैनल में शामिल कर उन्हें महत्वपूर्ण विधिक जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस नियुक्ति के बाद एडवोकेट राजेश गौतम रेलवे प्रशासन से संबंधित मामलों में जिला न्यायालयों एवं ट्रिब्यूनल में रेलवे का पक्ष रखेंगे। साथ ही सिविल एवं आपराधिक मामलों में विधिक परामर्श प्रदान करेंगे तथा फोरम कोर्ट सहित अन्य वैधानिक मंचों पर अपील संबंधी कार्यों का संचालन भी करेंगे।



## पुलिस काट रही चालान, सड़कों पर 'मवेशियों' का राज; नगर निगम का अभियान ठंडे बस्ते में

सतना।

शहर की यातायात व्यवस्था इन दिनों दोहरे संकट से जूझ रही है। एक ओर जहाँ यातायात पुलिस नियमों का पाठ पढ़ाने के लिए पूरी मुस्तैदी के साथ सड़कों पर तैनात है और धड़ाधड़ चालानी कार्रवाई कर रही है,वहीं दूसरी ओर सड़कों और प्रमुख चौराहों पर जमा 'आवारा पशुओं की फौज' आम जनता के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई है। आलम यह है कि शहर के मुख्य मार्गों पर अब वाहनों से ज्यादा मवेशियों का कब्जा नजर आता है।



#### धवारी चौराहे पर घंटों चला 'मवेशी जमावड़ा'

ताजा मामला शनिवार की शाम शहर के हृदय स्थल धवारी चौराहे पर देखने को मिला। यहाँ बीच सड़क पर करीब आधा दर्जन आवारा मवेशी डेरा डाले हुए थे। शाम के समय जब यातायात का दबाव सबसे अधिक होता है,उस दौरान इन मवेशियों की 'सैर-सपाटे' की वजह से राहगीरों और वाहन चालकों को निकलने में भारी मशक्कत करनी पड़ी।कई बार तो मवेशियों के अचानक दौड़ने से दोपहिया वाहन चालक गिरते-गिरते बचे।

#### अतिक्रमण पर कार्रवाई, लेकिन पशुओं पर चुप्पी

नगर निगम प्रशासन अक्सर शहर की सड़कों को साफ सुथरा और यातायात को सुगम बनाने के लिए अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाता है। दुकानों के बाहर रखे सामान और अवैध गुमटियों पर तो निगम का बुलडोजर गरजना शुरू कर देता है,लेकिन जब बात सड़कों पर बैठे आवारा पशुओं की आती है, तो नगर निगम का अमला चुप्पी साधे नजर आता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आवारा पशुओं को पकड़ने का निगम का अभियान फिलहाल ठंडे बस्ते में चला गया है,जिसका खामियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़ रहा है।

#### अस्पताल पहुंच रहे राहगीर

शहर में आवारा मवेशियों का आतंक केवल जाम तक सीमित नहीं है।आए दिन ये मवेशी सड़क के बीचों -बीच आपस में भिड़ जाते हैं। मवेशियों की इस लड़ाई की चपेट में आने से कई राहगीर गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। स्थिति यह है कि शहर के कई नागरिक इन आवारा पशुओं के हमले का शिकार होकर अस्पतालों में अपना इलाज करा रहे हैं। इसके बावजूद प्रशासन किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहा है।

#### आम जनता का सवालः

जब पुलिस हेलमेट और कागजों के नाम पर भारी जुर्माना वसूल सकती है,तो नगर निगम उन पशु मालिकों पर कार्रवाई क्यों नहीं करता जो अपने मवेशियों को सड़कों पर लावारिस छोड़ देते हैं? लोग कहते हैं कि जल्द ही नगर निगम और जिला प्रशासन ने समन्वय बनाकर इन आवारा पशुओं को कांजी हाउस भेजने या उचित व्यवस्था करने का कदम नहीं उठाया,तो आने वाले दिनों में सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ और बढ़ सकता है।

## जबलपुर में 35वें खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह का समापन एवं पुरस्कार वितरण

**सतना।** भारतीय खान ब्यूरो के तत्वाधान आयोजित 35वें खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह 2025-26 का समापन समारोह होटल पशरिचा रिसोर्ट,जबलपुर में धूमधाम से मनाया गया। 35वाँ खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह 2025-26जो की 22.11.2025 से 28.11.2025 तक मनाया गया था,इसमें जबलपुर क्षेत्र की लौह अयस्क,चूना पत्थर,बॉक्साइट और मैंगनीज अयस्क की कुल 175 से अधिक खदानों के संचालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया था। खानों को उनके उत्पादन के आधार पर खुली खदान और भूमिगत खदान की तेरह श्रेणियों में विभाजित किया गया था। इस आयोजन के माध्यम से खनन उद्योग में पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाता है। कंपनी के डीजीएम सीएसआर एंड पीआर देवेन्द्र मिश्रा ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुये बताया कि प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड की ओर से पांच खानों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया जिसका




निरीक्षण वरिष्ठ तकनीकी टीम के द्वारा किया गया जिसमे उनके कार्य क्षेत्र जैसे प्रत्येक खानों के विकास,प्रबंधन,सतत विकास, व्यवस्थित और वैज्ञानिक विकास,खनिज संरक्षण,अपशिष्ट डंप प्रबंधन,ग्रीन एनर्जी,खनिज सज्जीकरण, पर्यावरण निगरानी और वृक्षारोपण के मानकों का मूल्यांकन किया गया।खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह 2025-26 का समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि पंकज कुलश्रेष्ठ,खान महानियंत्रक,भारतीय खान ब्यूरो तथा सम्मानित अतिथि बाबूलाल गुजर,खान नियंत्रक (मध्य अंचल) भारतीय खान ब्यूरो रहे। इस कार्यक्रम का आयोजन सलिल संदीप कुजूर-क्षेत्रीय खान नियंत्रक जबलपुर, के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।खदान संचालकों द्वारा प्रदर्शित उत्कृष्ट कार्यप्रणाली के लिए उन्हें विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी को निरंतर इसी प्रकार से उत्कृष्ट कार्य करने एवं खानों को स्वच्छ और पर्यावरण-हितैषी बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। कैप्टिव खुली खान श्रेणी में,प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड,ने कई श्रेणियों में मजबूत पर्यावरणीय प्रदर्शन प्रदर्शित किया है। प्रिज्म सीमेंट लाइमस्टोन माइंस एरिया 772.067 हेक्ट खदान को जबलपुर क्षेत्र के सभी खुली खदानों में समग्र प्रदर्शन के लिए तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रिज्म जॉनसन की खदान एरिया 253.326 हेक्ट को खनिज संरक्षण के लिया प्रथम पुरस्कार तथा बन्दरखा लाइमस्टोन माइंस एवं बगहाई लाइमस्टोन माइंस को क्रमशः प्रचार और प्रसार तथा पर्यावरण निगरानी में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। प्रिज्म जॉनसन कंपनी के कार्यकारी निदेशक राकेश जैन,प्रेसिडेंट एंड प्लांट हेड मनीष कुमार सिंह,हेड एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स एंड हेड कार्पोरेट एचआर डॉ मनीष कुमार सिन्हा एवं सभी अधिकारी कर्मचारियों ने कंपनी की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाये व्यक्त कीं।



### फिल्म 'शतक' से बच्चों ने जाना संघ का गौरवशाली इतिहास

**सतना।** एक एनजीओ ने 300 बच्चों को फिल्म 'शतक' दिखाई। फिल्म में आरएसएस के 100 वर्षों के त्याग और राष्ट्रभक्ति को दर्शाया गया है। एआई तकनीक और अजय देवगन की आवाज से सजी यह फिल्म बच्चों के लिए प्रेरणादायक रही,जिससे वे देश के गौरवशाली इतिहास से परिचित हुए।

# अंतिम छोर से समाज की मुख्य धारा में जुड़कर आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस में सम्मान की कड़ी में जुड़ी जानी जा रही प्रिया पारधी

पन्ना। पारधी समाज (बहेलिया) समाज से बेटी प्रिया का नाम कहीं न कहीं जिले में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर सम्मान की सूची में महिला बाल विकास विभाग से उदारहण के तौर पर इस बेटी का नाम चुना गया। निष्चितौर पर यह बेटी अपने आप में अलग ही मुकाम तय करने को लेकर संघर्ष भरी कहानी को लेकर जानी जा रही है।



प्रिया पारधी वर्तमान में फार्मेसी से कहीं न कहीं अपनी पड़ाव मंजिल आरजीपीबी युनिवरसिटी एण्ड आईटीआई कॉलेज में द्वितीय वर्ष की छात्रा है। यह बेटी जो कुंजवन में नेता जी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावास से प्राथमिक षिक्षा के साथ-साथ माध्यमिक षिक्षा में 8वीं तक की षिक्षा प्राप्त करने के बाद आगे अपने लक्ष्य को बनाये रखते हुए कहीं न कहीं समाजसेवी संस्था लास्ट फाउण्डेषन के माध्यम से सहयोग की दिषा मिलने से जो आज अपनी मंजिल फार्मेसी के माध्यम से लक्ष्य को लिए हुए तय कर रही है जब आपसे हरिभूमि ने षिक्षा के स्तर को लेकर बात की तो जो पारधी समाज में कहीं न कहीं ये बच्ची अनुकर्णीय है क्योंकि अभी भी इस समाज में षिक्षा का स्तर बहुत कम है वहीं बाल अवस्था में इस समाज में विवाह कर दिया जाता है। उस बुराई से लड़ने को लेकर पढ़ने की दिषा तय करने के लिए सोच जानी गई पारधी समाज पहले जंगलों में निवास फिर झोपड़ियों में जीवन यापन करती थी वर्तमान समय में आज भी उदाहरण के तौर पर प्रिया पारधी जिसका नाम अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की सूची में जिला स्तर पर सम्मान से नवाजा जायेगा। यह गौरव हमारे अंतिम छोर से षिक्षा का पड़ाव समाज की मुख्य धारा से जुड़कर आज उदाहरण बनी प्रिया पारधी।

## खबर संक्षेप

### पन्ना जिले के लिए गर्व की बात, देवेंद्रनगर की सुश्री पूजा सोनी बनीं पहली आईएएस



पन्ना। जिले के लिए यह अत्यंत गर्व का क्षण है कि देवेंद्रनगर की बेटी पूजा सोनी ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में चयनित होकर जिले का नाम रोशन किया है। लगातार मेहनत और लगन के बल पर पूजा सोनी ने सफलता के शिखर को छूते हुए पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं। पूजा सोनी देवेंद्रनगर के एक मध्यमवर्गीय किसान परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके माता-पिता ने बेहद साधारण परिस्थितियों में रहते हुए अपने सभी बच्चों को पढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत की। परिवार के भरण-पोषण और बच्चों की पढ़ाई के लिए उन्होंने एक छोटी सी बर्तन की दुकान भी संचालित की। सीमित संसाधनों के बावजूद माता-पिता ने अपने बच्चों की शिक्षा में कोई कमी नहीं आने दी। पूजा सोनी की इस उपलब्धि से पूरे पन्ना जिले में खुशी और गर्व का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सफलता न केवल पूजा की मेहनत का परिणाम है, बल्कि उनके माता-पिता के त्याग, समर्पण और संघर्ष का भी फल है। पूजा सोनी की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर जिलेभर के लोगों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही उनके माता-पिता की मेहनत और संघर्ष की भी सराहना की जा रही है, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने बच्चों को शिक्षा की राह पर आगे बढ़ाया।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, रविवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम में होगा महिलाओं का सम्मान

पन्ना। भारत सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर फिट इंडिया कॉर्निवाल 2026 अंतर्गत 6 से 8 मार्च तक फिट इंडिया वुमन्स वीक का आयोजन किया जा रहा है। महिलाओं व किशोरियों की सहभागिता सुनिश्चित कर स्वास्थ्य, फिटनेस और आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस क्रम में रविवार, 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जनपद पंचायत प्रांगण पन्ना में सुबह 11 बजे जिला स्तरीय महिला सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें महिला अधिकारी-कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य और विभागीय दायित्वों के सफल निर्वहन व विशेष योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

### कक्षा 12वीं की हिंदी विषय की परीक्षा में शामिल हुए 10 हजार 586 परीक्षार्थी

पन्ना। माध्यमिक शिक्षा मंडल की हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा अंतर्गत शनिवार को जिले के 45 परीक्षा केन्द्रों पर हिन्दी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। कुल दर्ज 10 हजार 687 परीक्षार्थियों में से 101 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, जबकि 10 हजार 586 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जिला स्तरीय निरीक्षण दल, तहसीलदार एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। हिन्दी विषय के अंतिम प्रश्न पत्र के साथ ही शनिवार को मंडल की कक्षा 12वीं की वार्षिक बोर्ड परीक्षा भी शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न हुई, जबकि कक्षा 10वीं की परीक्षा का समापन 6 मार्च को हुआ।

## टोराह ग्राम में 30 वर्षीय युवक ने पेड़ से फांसी लगाकर की आत्महत्या



अमानगंज। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टोराह में एक 30 वर्षीय युवक ने इमली के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान कमलेश पिता मंगल कुशवाह (30) निवासी ग्राम टोराह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवक ने गांव के पास इमली के पेड़ से फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर महिला पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचीं और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं पुलिस ने शनिवार की दोपहर 12:00 बजे मृतक का पोस्टमार्टम कराया।

## आदिवासी युवक की निर्मम हत्या से क्षेत्र में सनसनी

### शाहनगर थाना अंतर्गत पुलिस चौकी बोरी के ग्राम महेवा में लरहा तालाब के किनारे खेत पर मिला शव, पुलिस जांच में जुटी



शाहनगर। शाहनगर थाना अंतर्गत पुलिस चौकी बोरी के ग्राम महेवा में लरहा तालाब के किनारे खेत पर मिला शव, पुलिस जांच में जुटी, एक आदिवासी युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मिली जानकारी के अनुसार शव लगभग 3 से 4 दिन पुराना बताया जा रहा है तथा वह क्षत-विक्षत अवस्था में मिला। घटना की खबर फैलते ही आसपास के गांवों में हलचल मच गई और लोगों की भीड़ मौके पर जुटने लगी। बाद में मृतक की पहचान ग्राम महेवा निवासी टटोली आदिवासी के रूप में की गई। सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

## जल उत्सव नदी उत्सव कार्यक्रम वहीं 22 मार्च विश्व जल दिवस पर क्या केन नदी की अविरल धारा को प्रवाहित बनाये रखने के लिए किया जायेगा गौर

पन्ना। जहां वर्तमान समय में जल ही जीवन है साथ ही आने वाले समय को लेकर भी हमें जल की महत्ता के बारे में बाखूबी समझना होगा वहीं वर्तमान हालात हमारे जिले की पवित्र नदी केन की बात करें तो जहां हालात निरीक्षण या देखने से ही सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि पहले पूर्व समय में केन नदी जो पवित्र नदी के रूप में वहीं अविरल धारा प्रवाह को लेकर जो जानी जाती थी आज केन नदी के हालात वर्तमान समय में क्या हो चुके है क्या इस पर गौर किया जायेगा। क्या नदी बचाओ को लेकर जन आंदोलन की जरूरत कहें या फिर वास्तविकता में जीवन के लिए जिसे जल ही जीवन का नारा दिया गया वहीं केन नदी के जीवन के हालात जो अस्तित्व से अपने स्वयं ही लड़ रही हो। पहले जिसकी धारा प्रवाह देखते ही बनती थी आज यह नदी डबरों में तब्दील हो चुकी है। फिर भी इस नदी के बारे में कब सुधली जायेगी वहीं विषेषतौर पर केन नदी के पानी से जहां पन्ना जिले की अजयगढ़ तहसील के पचासों गांव जो केन नदी के किनारे केन के ही पानी से जहां पशुओं व मवेषियों के लिए उचित माना जाता था वहीं आम आदमी के जीवन में भी पानी की आपूर्ति के लिए केन का पानी पर्याप्त होता था। अब हालात जो बदल चुके है जब से रेत का कारोबार केन नदी में चल पड़ा वर्तमान समय में केन नदी जिसका जल स्तर कितनी गहराई तक स्वयं पहुंच चुका। साथ ही जिसकी धारा बहती थी वह अब सपनों की बात हो गई अब तो केन कई जगह अपने अस्तित्व को बयां जरूर करती है पर वास्तविकता में इस नदी को बचाये रखने के लिए क्या आम आदमी के साथ-साथ जिम्मेदारों की चिंता 22 मार्च विष्व जल दिवस पर जानी जायेगी। केन हमारे जिले के लिए पवित्र नदी में से प्रमुख है वहीं केन नदी का पानी भेजने के लिए ढ़ोढन डेम का निर्माण भी किया जा रहा है। आखिर जिस केन की धारा ही अब टूट चुकी इसमें कितना पानी वर्तमान समय में बचा हुआ है क्या इस पर भी होगा गौर। वास्तकिवता में केन नदी बचाने की जरूरत प्रबल।

## पन्ना का लाल, पहले ही प्रयास में यूपीएससी में एआईआर-170, डॉक्टर अभिजीत जैन बने आईपीएस



पन्ना। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा मुख्य परीक्षा-2025 का रिजल्ट शुक्रवार को घोषित हुआ। इसमें मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के पन्ना शहर के होनहार युवक अभिजीत जैन ने ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 170 हासिल कर सफलता का परचम लहराया। मात्र 25 वर्षीय अभिजीत वर्तमान में दिल्ली के एक सरकारी अस्पताल में चिकित्सक के रूप में सेवा दे रहे हैं। पहले ही प्रयास में यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा में सफल अभिजीत ने बताया कि उनकी इस रैंक से उन्हें आईपीएस कैडर मिलेगा। पन्ना जैसे छोटे शहर से निकलकर यह उपलब्धि हासिल करने पर पूरे जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। उनके पिता अनिल कुमार जैन रंगमहल व्यवसायी हैं, जबकि मां अनिता जैन गृहिणी हैं। सबसे बड़ी बहन डॉ. आत्मिका जैन एमडी रेडियोलॉजिस्ट हैं। बड़े भाई अतिशय जैन ने आईआईटी से बीटेक करने के बाद अमेरिका के कैलिफोर्निया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित स्टार्टअप कंपनी शुरू की है।शुरू से ही मेधावी और धार्मिक प्रवृत्ति के अभिजीत ने पन्ना के डीएवी पब्लिक स्कूल से स्कूली शिक्षा पूरी की। डॉक्टर बनने के सपने के लिए उन्होंने नीट, एआईआईएमएस और जीआईपीएमईआर जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल की। नीट में एआईआर-97 प्राप्त कर दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल से डठठै पूरा किया। उसके बाद जूनियरन डॉक्टर मेडिकल इंटर्नशिप पूरी कर दिल्ली के सरकारी अस्पताल में चिकित्सक बने। इसी दौरान यूपीएससी की तैयारी सेल्फ स्टडी से शुरू की और पहले प्रयास में ही यह बड़ी सफलता हासिल कर ली।

## मकान सूचीकरण ब्लाक की कार्रवाई के संबंध में निर्देश

पन्ना। जनगणना निदेशालय भोपाल द्वारा भारत की जनगणना 2027 अंतर्गत मकान सूचीकरण कार्य के दौरान ब्लाक गठन एवं आवंटन, प्रगणक व पर्यवेक्षकों के नियुक्ति आदेश तथा परिचय पत्र जारी करने एवं मकानों को नंबर देने के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। उक्त समस्त कार्यवाही समय सीमा में पूर्ण की जाना आवश्यक है। इस संबंध में अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी मधुवंतराव धुर्वे ने जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, तहसीलदार एवं ग्रामीण चार्ज जनगणना अधिकारी तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं नगरीय चार्ज जनगणना अधिकारियों को तय गतिविधियों के तहत कार्य संपादन के निर्देश दिए हैं। बताया गया है कि मकान सूचीकरण ब्लाक का गठन और निर्धारित एप्लीकेशन पर मकान सूचीकरण ब्लाक को चिन्हित करने के लिए 15 फरवरी से 15 मार्च तक की समय सीमा निर्धारित की गई है। इस अवधि में सभी ग्राम, निकाय और वार्डों में गठित होने वाले गणना ब्लाक की प्रारंभिक तैयारी पूर्ण करना जरूरी है। इसके लिए यह आवश्यक है कि मकानों की अनुमानित गणना की जाकर यह सुनिश्चित किया जाए कि वार्ड अथवा ग्राम में कितने गणना ब्लाक गठित होंगे। आवासीय क्षेत्रों में 700-800 जनसंख्या के मानदण्ड अनुसार एक मकान सूचीकरण ब्लाक का गठन किया जाना चाहिए। विरल आबादी वाले गैर आवासीय क्षेत्रों में 300 अथवा अधिक जनगणना मकानों को ध्यान में रखते हुए एक मकान सूचीकरण ब्लाक का गठन किया जा सकता है। मकान सूचीकरण प्रयोजनों के लिए ब्लाक का स्पष्ट परिसीमन वर्तमान जनसंख्या के सटीक आकार की उपलब्धता न होने के कारण पूर्ण निश्चितता के साथ किया जाना संभव नहीं है। स्थानीय जानकारी व परिस्थितियों के आधार पर जनगणना चार्ज अधिकारी जनसंख्या का आंकन या अनुमान कर सकते हैं। साथ ही मानदण्ड अनुसार मकान सूचीकरण ब्लाक का परिसीमन भी किया जा सकेगा। इसके लिए सभी अनुविभागीय जनगणना अधिकारियों को ग्रामीण व नगरीय चार्ज अधिकारियों के माध्यम से चार्जवार गठित होने वाले मकान सूचीकरण ब्लाक की जानकारी आगामी 15 मार्च तक उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

### विकासखंड स्तरीय रोजगार मेला 12 मार्च से

पन्ना। म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन पन्ना द्वारा आगामी 12 से 14 मार्च तक विकासखंड स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। इस क्रम में बीआरसी भवन जनपद पंचायत भवन अजयगढ़ में 12 मार्च, गुनौर में 13 मार्च और पन्ना में 14 मार्च को रोजगार कैम्प लगेगा। इसमें पीएसएफ सर्विसेस कंपनी के अधिकारियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से युवक-युवतियों का चयन किया जाएगा। इस संबंध में संबंधित जनपद पंचायत सीईओ से आवश्यक सहयोग की अपेक्षा की गई है। साथ ही आजीविका मिशन के विकासखंड प्रबंधकों को निर्धारित तिथियों पर रोजगार कैम्प के सफल आयोजन के लिए आवश्यक प्रबंध के लिए निर्देशित किया गया है। अजयगढ़ ब्लॉक के लिए बलभद्र द्विवेदी, गुनौर के लिए रावेन्द्र सिंह तथा पन्ना ब्लॉक के लिए विवेक कुमार मिश्रा को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है।

### वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं के एमएसपी पर किसानों को मिलेगा 40 रुपए प्रति क्विंटल बोनस

#### गेहूं उत्पादक किसानों को 2625 रुपए प्रति क्विंटल की दर से होगा भुगतान

पन्ना। राज्य सरकार कृषि कल्याण वर्ष 2026 में किसानों की समृद्धि के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। किसानों की फसलों का उचित दाम मिले, इसके लिए उड़द खरीदी पर 600 रुपए प्रति क्विंटल बोनस की घोषणा की गई है। सरकार ने गेहूं उत्पादक किसानों को भी गत वर्षों के तरह बोनस की सौगात दी है। इस वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 40 रुपए प्रति क्विंटल बोनस दिया जाएगा। इससे किसानों को 2625 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं का भुगतान प्राप्त होगा।

## दक्षिण वन मण्डल पन्ना की महिला शक्ति वन एवं वन्य जीव संरक्षण की अग्रिम पंक्ति में सशक्त





### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर दक्षिण पन्ना वन मण्डल की महिला अधिकारियों और वन कर्मियों के योगदान को लेकर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अनुकर्णीय

पन्ना। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) के अवसर पर दक्षिण पन्ना वनमण्डल में कार्यरत उत्कृष्ट महिला वन अधिकारियों और वनकर्मियों के योगदान को विशेष रूप से रेखांकित किया जा रहा है। ये महिलाएँ वन एवं वन्यजीव संरक्षण की अग्रिम पंक्ति में रहकर न केवल जंगलों और जानवरों की सुरक्षा कर रही हैं, बल्कि ग्रामीण समुदायों को जागरूक कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। अपने साहस, समर्पण और नेतृत्व के माध्यम से ये अधिकारी एवं वनकर्मी वन प्रबंधन के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। जिसमें सलेहा रेंज की सुश्री जीतू सिंह की बात करें तो

सुश्री जीतू सिंह बघेल सलेहा रेंज में वन संरक्षण और प्रबंधन कार्यों का प्रभावी नेतृत्व कर रही हैं। इनके नेतृत्व में वन भूमि पर अतिक्रमण के प्रयासों तथा वन्यजीव शिकार पर कड़ा नियंत्रण स्थापित किया गया है तथा वन अमले को प्रोत्साहित कर अतिक्रमण हटाने और शिकारियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई है। ग्राम वन समिति सदस्यों, विशेषकर महिलाओं एवं युवतियों को वन संरक्षण गतिविधियों से जोड़ने और जागरूक करने में भी इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सिद्धनाथ मंदिर/आश्रम के समीप वन क्षेत्र में स्थानीय वनकर्मियों के सहयोग से "अगस्त्य वन" के विकास का कार्य कराया जा रहा है तथा अन्य वानिकी कार्यों का भी प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। निष्चितौर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी के दायित्व जमीनी स्तर से लेकर कहीं न कहीं वन भूमि को सुरक्षित रखने में बहुत ही महत्वपूर्ण दायित्वों को लेकर वर्तमान समय में चुनौती भरा कार्य तो है ही। इन विषम परिस्थितियों में जहां हमारी दक्षिण वन मण्डल अंतर्गत सलेहा रेंज की सुश्री जीतू सिंह की दायित्वों व कर्तव्यों से जहां महिला अधिकारी के रूप में आपकी कार्यप्रणाली समाज में अन्य क्षेत्र तथा अन्य महिलाओं के लिए भी महिला शक्ति के रूप में प्रेरणादायी है। वन विभाग में सेवा का दायित्व वाडर में जिस तरह से जमीन की सुरक्षा को लेकर वहीं वार्डर में तैनात सेना के जवान देष की रक्षा के लिए कार्य करते है सायद इसी तरह वन भूमि की सुरक्षा को लेकर वन विभाग में जिम्मेदारियां वर्तमान समय पर चुनौतियों के रूप में जानी जाती है। जिसमें वन परिक्षेत्र अधिकारी की भूमिका समय-समय पर अलग ही जानी जाती हैं। जिसमें ऐसे अधिकारियों को लेकर कहीं न कहीं नाज होता है। जैसे सुश्री जीतू सिंह वन परिक्षेत्र अधिकारी सलेहा की कार्यप्रणाली यह कहें कि इनका परिवेष के बारे में जब इनसे जाना गया तो आपने बयां किया मेरा परिवेष ग्रामीण था सीधी जिले की चुरहट विधानसभा क्षेत्र के छोटा टिकिट गांव की रहने वाली सुश्री जीतू सिंह ग्रामीण परिवेष से पूर्व से ही बाखूबी समझती थी यहां दक्षिण वन मण्डल अंतर्गत सलेहा रेंज में जिम्मेदारी जो मिली है इसको लेकर आपका कहना है मैं कितना कर सकती हूं वह भरपूर कोषिष करती हूं जंगल के महत्व को जागरूकता को लेकर गांव-गांव में पहुंचकर ग्रामीणों के बीच में बैठके करती हूं कारोना काल में भी कहीं न कहीं आक्सीजन के महत्व को तो सभी ने जाना ही है इसी तरह हमारी रैपुरा वन परिक्षेत्र दक्षिण वन मण्डल पन्ना की श्रीमती रंजना नागर, वनपाल / डिप्टी रेंजर, रैपुरा रेंज- श्रीमती रंजना नागर दक्षिण पन्ना वनमण्डल की सक्रिय एवं समर्पित महिला डिप्टी रेंजर हैं। इनके द्वारा 100 से अधिक विरासत वृक्षों की पहचान की गई है तथा वन्यजीव रेस्क्यू कार्यों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई है। सर्पदंश से बचाव एवं प्राथमिक उपचार के प्रति जनजागरूकता हेतु सैकड़ों बच्चों को विशेष "साँप-सीढ़ी" शैक्षणिक खेल का वितरण किया गया। इन्होंने वन भूमि से अतिक्रमण हटाने, नियमित रात्रि गश्त तथा "फ्री मिट्ठू फ्री किट्टू" अभियान के अंतर्गत पालतू तोतों और कछुओं को प्राकृतिक आवास में मुक्त कराने में भी उल्लेखनीय योगदान दिया है।

खबर संक्षेप

## मानदेय के लिए दर दर भटक रहे शिल्पकार

### खजुराहो डांस फेस्टिवल 2026 में आमंत्रित शिल्पकार तथा कलाकारों का मामला



खजुराहो। देश-विदेश में ख्याति प्राप्त प्रसिद्ध खजुराहो डांस फेस्टिवल 2026 इस बार भ्रष्टाचार सहित अव्यवस्थाओं के विवादों के बीच संपन्न हुआ,लेकिन इस आयोजन में एक और लापरवाही सामने आई है। समारोह को खत्म हुए करीब 10 दिन का समय हो चुका है, लेकिन इसमें आमंत्रित कई शिल्पकारों और कारीगरों को अब तक उनका मानदेय नहीं मिल पाया,ये नाराज कलाकार अब विभाग के दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं,कुछ ने बताया कि मोबाइल लगाने पर उनसे अभद्रता की भाषा बोली जाती है। जानकारी के मुताबिक 20 से 26 फरवरी तक आयोजित इस समारोह में देश के अलग-अलग राज्यों से आए कारीगरों ने हस्तशिल्प और पारंपरिक कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई थी साथ ही कलाकृति बनाई भी थी इन शिल्पकारों प्रतिवर्ष की तरह इस आयोजन के दौरान 15-15 हजार रुपए मानदेय देने का आश्वासन दिया गया था,लेकिन कार्यक्रम समाप्त होने के बाद भी भुगतान प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। करीब 20 से अधिक शिल्पकारों का भुगतान अभी भी लंबित बताया जा रहा है। इनमें कई छोटे कारीगर शामिल हैं, जो ऐसे आयोजनों से मिलने वाले मानदेय पर ही अपने खर्च की भरपाई कर पाते हैं। शिल्पकारों का कहना है कि वे अपने खर्च पर दूर-दराज जिलों से खजुराहो पहुंचे थे और उम्मीद थी कि कार्यक्रम के तुरंत बाद भुगतान मिल जाएगा। शिल्पकार महबूब आलम और पलक दिनकर सहित अन्य कारीगरों ने बताया कि हर साल समारोह खत्म होने के बाद ही विभाग की ओर से चेक के माध्यम से भुगतान कर दिया जाता था, लेकिन इस बार अभी तक कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही है,मजबूरी में कलाकारों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।खास बात यह भी है कि इस बार खजुराहो डांस फेस्टिवल को लेकर पहले भी कई अव्यवस्थाओं की खबरें सामने आई थीं कहीं सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठे, तो कहीं कार्यक्रमों के प्रबंधन को लेकर चर्चा रही।

# गर्मी आते ही बाजार में संग्रह होने लगा नकली पेय पदार्थ, फूड सेफ्टी विभाग बने मूकदर्शक

छतरपुर। गर्मी का मौसम आते ही बाजार में नकली पेय पदार्थो का स्टॉक होने लगा है यह नकली पेय पदार्थ दुकानों के माध्यम से लोगों तक पहुंचाए जाएंगे और लोग नकली पेय पदार्थो असली समझकर उपयोग करेगे लेकिन जनता को यह नहीं पता कि बाजार में तरह तरह के जो पेय पदार्थ आ रहे है। उनमें से अधिकांश नकली और मिलावटी है नकली और मिलावटी पेय पदार्थ की बिक्री रोकने के लिए फूड सेफ्टी विभाग की जबावदारी है लेकिन फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारी व्यापारियों से सांठगांठ करके उन्हें नकली पेय पदार्थ बेचने की खुलेआम छूट दिए रहते है। और इस छूट के एवज में व्यापारियों से मनमाना पैसा वसूलने के व्यापारी आरोप लगाते हैं। शहर में एक नहीं दर्जनों थोक की ऐसी दुकाने है जहां कंपनी के पेय पदार्थ के नाम पर नकली पेय पदार्थ की सप्लाई चल रही है क्योंकि गर्मी का मौसम आते ही पेय पदार्थो की मांग भी अधिक बढ जाती है।और इस मांग को पूरा करने और मौके का फायदा उठाने के लिए व्यापारी फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारियों से सांठगांठ बनाकर बाजार में नकली पेय पदार्थ उतार देते है। अभी एक सप्ताह से गर्मी की शुरूआत हुई है और गर्मी



की शुरूआत होते ही पेय पदार्थो की मांग भी बढने लगी है क्योंकि छुटपुट दुकानदार भी पेय पदार्थो का संग्रह करते है। जिन दुकानदारों के पास पेय पदार्थ बेचने की एंजेसी भी नहीं है और ना ही कोई लाईसेंस है फिर भी वह भारी मात्रा में पेय पदार्थ का स्टॉक कर लेते है।

**शहर में कई जगह चल रहा नकली पेय पदार्थ बनाने का धंधा -**

कुछ नामी ग्रामी कंपनियों के पेय पदार्थो की एंजेसी छतरपुर में है जिसमें पेप्सी, कोकोकोला, स्प्राईट, माजा, फ्रूटी सहित कई पेय पदार्थ कंपनियों के बिक रहे है। लेकिन इनकी आड में नकली पेय पदार्थ भी बनाए जा रहें है। शहर में कई जगह चोरी छिपे नकली पेय पदार्थ बनाने की फैक्ट्री चल रही है। जिसकी जानकारी फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारियों को है लेकिन लाभ के चक्कर में फूड सेफ्टी के अधिकारी नकली फैक्टरियों के प्रति अनजान बने रहते है।

शहर में चर्चा यह भी है कि ग्वालमगरा तालाब के पास चोरी छिपे एक फैक्ट्री संचालित हो रही है जिसमें कई लोकल नामो से पेय पदार्थ बनाए जाते है। यह तक पता चला है कि पानी में कलर और शैक्रीन मिला कर उसे पेय पदार्थ का रूप दे दिया जाता है। और बच्चों को 5 रूपए में 2 पेय पदार्थ बेचे जाते है। सबसे अधिक छोटी छोटी दुकानों में इस तरह के पेय पदार्थो की ब्रिकी ज्यादा हो रही है। इन फैक्टरियों में नाबालिग बच्चे भी काम करते है, लेकिन ना तो श्रम विभाग के अधिकारी ध्यान दे रहे, और ना ही फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारी। इसके अलावा गल्ला मंडी क्षेत्र, नारायण पुरा रोड़ और पठापुर रोड़ में भी पेय पदार्थ बनाने की फैक्टरियां चल रही है।

**होली पर खूब बिका नकली मावा एवं मिठाई -**

होली जैसे त्यौहार पर फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारियों की लापरवाही देखने को मिली। क्योंकि नकली मावा बाजार में खुलेआम बेचा गया। और इस नकली मावे से बनी मिठाईयां भी बाजार में बिकते देखी गई। होली का ऐसा त्यौहार है जिसमें मावा की बिक्री अधिक होती है कलेक्टर के निर्देश भी थे कि त्यौहार पर नकली खाद्य पदार्थ ना बिक पाए। लेकिन फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारी चुप्पी साधे रहें और किसी भी मावा बिक्रेता और मिठाई दुकान सैम्पल नहीं लिया गया, खानापूर्ति के लिए जरूर कुछ जगह गए हुए हैं।

आज कल लोग शुद्ध पानी के नाम पर मिनरल वाटर और पानी के बोतल खरीद रहें है क्योंकि शहर में जगह जगह पानी की बोतल पैक करने के प्लांट लगे हुए है। लेकिन इन प्लांटो की शुद्धता पर भी सवालिया निशान लग रहें है। पानी की बोतलें पैक करते समय ना तो उसमें एक्सापईयर की डेट नहीं डाली जाती है। जिससे लोगों को पता ही नही चल पाता कि कब की पैकिंग है, और कब तक इसकी समयवधि है। चूँकि पानी की बोतल पैक कर बेचने में लागत बहुत कम आती है लेकिन दुकानदारों को बेचकर अधिक मुनाफा कमाया जा रहा है। पानी की बोतल पैक करते समय कैमिकल का उपयोग किया जाता है, ताकि नोरमल पानी ज्यादा दिन तक रखने से खराब ना हो सके। लेकिन जिस पानी को लोग मिनरल वाटर के नाम पर पी रहे है वह पानी धीमे जहर का काम करता है। लेकिन इसके बावजूद भी फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारी अपना ईमान धर्म बेचकर ऐसे दुकानदारों को खुली छूट दिए रहते है।

## पुलिस की मानवीय पहल: ठंड में पन्नी ओढ़कर सो रहे बुजुर्ग को रैन बसेरा पहुंचाया



छतरपुर। जिला अस्पताल परिसर में शुक्रवार रात करीब 10 बजे गश्त कर रही सिटी कोतवाली पुलिस ने मानवता की एक अनुपम मिसाल पेश की। गश्त के दौरान पुलिसकर्मियों को अस्पताल के पास सड़क किनारे एक बुजुर्ग व्यक्ति पन्नी ओढ़कर सोता हुआ मिला। ठंड के मौसम और असुरक्षित परिस्थितियों को देखते हुए ड्यूटी पर तैनात आरक्षक राजेश बागरी और रोहित साहू ने तुरंत कार्रवाई की।

दोनों पुलिसकर्मियों ने बुजुर्ग से बातचीत कर उसकी स्थिति समझी और उसे ठंड तथा असुरक्षा से बचाने के लिए तत्काल निर्णय लिया। उन्होंने बुजुर्ग को सुरक्षित तरीके से शहर के रैन बसेरे पहुंचाया, जहां उसकी रात गुजारने की उचित व्यवस्था कराई गई।

कोतवाली टीआई अरविंद दांगी ने बताया कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना नहीं है, बल्कि समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद करना भी है। इस घटना से पुलिस की संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण का संदेश मजबूती से सामने आया है। ऐसे कार्य न केवल समाज में विश्वास बढ़ाते हैं, बल्कि पुलिस और जनता के बीच मजबूत सेतु का काम भी करते हैं।

## बच्चों के विवाद ने लिया हिंसक रूप, एक दर्जन से अधिक घायल

**दोनों पक्षों पर मामला दर्ज, 8 आरोपी गिरफ्तार**

**विवाद ने लिया हिंसक रूप, मलका गांव में दो अहिरवार परिवारों में जमकर मारपीट; एक दर्जन से अधिक घायल, 8 आरोपी गिरफ्तार**



छतरपुर जिले के गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मलका गांव में बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद ने हिंसक रूप धारण कर लिया। बीती रात शुरू हुआ यह विवाद सुबह करीब 7 बजे दो अहिरवार परिवारों के बीच लाठी-डंडों और पथराव वाली मारपीट में बदल गया। घटना में दोनों पक्षों से एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए, जबकि मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार, विवाद की जड़ बच्चों के बीच की छोटी-मोटी कहासुनी थी, जो जल्द ही बड़ों के बीच राजनीतिक और पुरानी रंजिश में बदल गई। गांव के सरपंच प्रेमचंद अहिरवार और उनके पक्ष के लोगों पर लाठी-डंडों से हमला करने के आरोप लगे हैं। आरोपी पक्ष में प्रेमचंद अहिरवार, भागीरथ, राजकुमार, राहुल, शीला, आरती सहित अन्य शामिल बताए जा रहे हैं। वहीं दूसरे पक्ष से तुलाराम अहिरवार, रामदास, हरिराम, रवि, रंजीत, राजकुमार, विजय, सौरभ समेत कई लोग घायल हुए हैं।

पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर अलग-अलग धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। एक पक्ष की शिकायत पर धारा 296, 115(2), 351(2), 324(3), 333, 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज हुआ, जबकि दूसरे पक्ष की शिकायत पर धारा 127(1), 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला कायम किया गया।

गढ़ीमलहरा थाना प्रभारी रीता सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। हालांकि कुछ लोग लगातार विवाद की आग भड़का रहे थे, जिसके चलते पुलिस ने विजय अहिरवार, मुकेश अहिरवार, अजय, रोहित, प्रमोद, सौरभ, रामस्वरूप और बृजेंद्र अहिरवार को गिरफ्तार कर लिया। इन आरोपियों के खिलाफ धारा 170, 126, 135(3) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई और उन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

## सूरमाओं के मैदान में उतरी भारत की क्रांति, पर्थ में क्रांति गौड़ को मिली पहली टेस्ट कैप



छतरपुर। पर्थ के ऐतिहासिक वाका मैदान की तेज और उछाल भरी पिच आज एक नए इतिहास की गवाह बनी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उभरती हुई सितारा क्रांति गौड़ के सुनहरे सफर की शुरुआत आज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच के साथ हो गई। सफेद जर्सी, हाथ में लाल गेंद और आंखों में तिरंगे का मान—क्रांति ने जैसे ही मैदान पर कदम रखा, भारतीय क्रिकेट में एक नई क्रांति का शंखनाद हो गया। मैच शुरू होने से ठीक पहले आयोजित कैप प्रेजेंटेशन सेरेमनी में टीम के दिग्गजों की मौजूदगी में क्रांति को उनकी पहली टेस्ट कैप सौंपी गई। यह वह लम्हा था जब क्रांति के चेहरे पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का गर्व और जिम्मेदारी साफ नजर आ रही थी। डेब्यू कैप हासिल करने के बाद उन्होंने अपनी साथी खिलाड़ी प्रतीका रावल, काश्वी गौतम और सायाली सतघरे के साथ इस यादगार पल को तस्वीरों में कैद किया। यह सिर्फ एक खिलाड़ी का डेब्यू नहीं, बल्कि पर्थ की उन मुश्किल पिचों पर भारतीय चुनौती को धार देने की शुरुआत थी, जहां दुनिया के बड़े-बड़े सूरमा भी घुटने टेक देते हैं। क्रांति गौड़ की इस उपलब्धि से भारतीय क्रिकेट फैंस के बीच भारी उत्साह है। विशेषज्ञ मान रहे हैं कि क्रांति की तकनीक और मानसिक मजबूती पर्थ की परिस्थितियों में कंगारू टीम के लिए बड़ी चुनौती साबित होगी। मैदान पर उनके आत्मविश्वास को देखकर यह साफ है कि वह केवल खेलने नहीं, बल्कि पर्थ की जमीन पर भारतीय जीत की नई इबारत लिखने उतरी हैं। अब पूरी दुनिया की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि क्रांति अपनी धारदार खेल से ऑस्ट्रेलियाई टीम के पसीने कैसे छुड़ाती हैं।

## केसरिया ध्वज लेकर झूमे रामभक्त पुष्प वर्षा से सराबोर हुईं गलियां

छतरपुर। बुंदेलखंड की धर्मनगरी छतरपुर में शुक्रवार को भक्ति का एक ऐसा स्वरूप देखने को मिला, जिसने आधुनिक चकाचौंध और कानफोड़ू शोर-शराबे को पीछे छोड़कर मर्यादा पुरुषोत्तम के वास्तविक आदर्शों की याद दिला दी। श्रीराम सेवा समिति के तत्वाधान में निकाली गई इस ध्वज यात्रा ने एक नई और गौरवशाली परंपरा की नींव रखी है, जिसकी चर्चा अब पूरे प्रदेश में हो रही है। इस बार की सबसे खास और सराहनीय बात यह रही कि पूरी यात्रा बिना किसी डीजे के निकाली गई। समिति ने एक साहसी और ऐतिहासिक निर्णय लिया है कि बेफिजूल के शोर-शराबे और ध्वनि प्रदूषण को रोकने की मंशा से इस वर्ष मुख्य शोभायात्रा में भी डीजे का उपयोग नहीं किया जाएगा। कान फाडने वाले म्यूजिक की जगह इस बार छतरपुर की सड़कों पर ढोल-नगाड़ों की थाप, शंख की पवित्र गूंज और झालर की खनक सुनाई दी। धीमी आवाज में बज रहे राम भजनों ने वातावरण को पूरी तरह आध्यात्मिक और भक्तिमय बना दिया।

**पुष्पवर्षा और चंदन तिलक से हुआ स्वागत**

श्रीराम जन्मोत्सव की तैयारियों के उपलक्ष्य में निकाली गई यह यात्रा गांधी चौक बाजार से प्रारंभ हुई। जैसे-जैसे कारवां हटवारा, मऊदरवाजा, बस स्टैंड और जवाहर रोड से गुजरा, मानो पूरा शहर राममय हो गया। रास्ते भर भक्तों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत



किया। जब यह ध्वज यात्रा हनुमान टौरिया मंदिर पहुँची, तो वहां का नजारा देखते ही बनता था। हनुमान टौरिया सेवा समिति के सदस्यों ने सभी राम भक्तों का चंदन से तिलक लगाकर और फूल बरसाकर भावभीना स्वागत किया।

मंदिर परिसर में पहुँचकर उत्साह का सैलाब उमड़ पड़ा। ढोल-नगाड़ों की थाप पर भक्त अपने सिर पर धर्म ध्वज लेकर जमकर झूमे। जय श्रीराम के जयकारों से पूरा आसमान गुंजायमान हो उठा। विधि-विधान से भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान जी महाराज की उपस्थिति में ध्वज का पूजन किया गया। समिति के सदस्यों और सभी राम भक्तों ने संकटमोचन के चरणों में शीश नवाकर आगामी जन्मोत्सव की सफलता का आशीर्वाद लिया।

## सोशल मीडिया पर सुसाइड रील पोस्ट करने के बाद छतरपुर में युवक की मौत



**छतरपुर। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के लवकुश नगर थाना क्षेत्र के ग्राम हरद्वार में एक दिल दहला देने वाली घटना ने इलाके में शोक की लहर दौड़ा दी है। यहां 28 वर्षीय मुकुंद यादव नामक युवक ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर हाथ में सल्फास की दो पुडियां दिखाते हुए बुंदेली गीत के साथ एक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो को पोस्ट करने के तुरंत बाद युवक पहाड़ पर बेहोशी की हालत में मिला।**

परिजनों ने उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार को पोस्टमार्टम पूरा होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। एसडीओपी नवीन दुबे और थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला जहर सेवन का प्रतीत हो रहा है, जिसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगी। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है और किसी भी अन्य पहलू को नजरअंदाज नहीं किया जा रहा।

## पुलिस ने हत्या के प्रयास के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



छतरपुर

थाना गढ़ीमलहरा क्षेत्र के ग्राम गर्रापुर में तीन दिन पहले खेत में काम कर रहे सूचनाकर्ता एवं उनके परिजनों पर कुल्हाड़ी एवं लाठी से जानलेवा हमला किया गया था। इस घटना में डायल 112 टीम को सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंचकर घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

पीड़ितों के बयान एवं मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर थाना गढ़ीमलहरा में नामजद आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की हत्या के प्रयास सहित अन्य समुचित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपियों की तलाश में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की और घटना में शामिल दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों में बद्री यादव पुत्र रामकिशन यादव तथा राजू सिंह यादव पुत्र रामकिशन यादव, दोनों निवासी छोटा गणेशपुरा थाना गढ़ीमलहरा शामिल हैं। दोनों आरोपियों को विधिवत कार्यवाही के बाद न्यायालय में पेश किया जा रहा है। अन्य आरोपियों की तलाश एवं जांच कार्यवाही जारी है। इस कार्रवाई में अतिरिक्त थाना प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह, उप निरीक्षक के.एल. अहिरवार, सहायक उप निरीक्षक संतोष सिंह, प्रधान आरक्षक बृजेश यादव, आरक्षक योगेश, श्रीराम, दशरथ एवं डायल 112 टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बागेश्वर धाम पहुंचे यूपी के डिप्टी सीएम, बोले जल्द होगी यूपी में कथा



छतरपुर। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक अपनी पत्नी के साथ बुंदेलखंड के सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थल बागेश्वर धाम पहुंचे। डिप्टी सीएम के रूप में यह उनका धाम पर प्रथम आगमन था, जिसे लेकर प्रशासन और धाम समिति द्वारा सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। उन्होंने कहा कि जल्द ही उत्तर प्रदेश में बागेश्वर सरकार पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री द्वारा कथा की जाएगी।

धाम पहुंचने के बाद डिप्टी सीएम ने सपरिवार भगवान बागेश्वर बालाजी के दर्शन किए और विशेष पूजा-अर्चना कर देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। दर्शन के उपरांत उन्होंने बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों के बीच काफी देर तक आध्यात्मिक चर्चा हुई। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने श्रद्धाभाव से महाराज जी को अंगवस्त्र भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

बागेश्वर महाराज ने भी डिप्टी सीएम का आत्मीय स्वागत किया और उन्हें स्मृति स्वरूप भगवान बालाजी का चित्र एवं एक आध्यात्मिक पुस्तक भेंट की। डिप्टी सीएम ने धाम की व्यवस्थाओं और वहां के आध्यात्मिक वातावरण की सराहना करते हुए इसे जन-आस्था का एक बड़ा केंद्र बताया। उनके इस दौरे को लेकर राजनीतिक और धार्मिक गलियारों में काफी चर्चा रही, वहीं धाम पर मौजूद श्रद्धालुओं में भी उत्तर प्रदेश के दिग्गज नेता को अपने बीच पाकर भारी उत्साह देखा गया। इस मौके पर बांदा विधायक प्रकाश द्विवेदी भी मौजूद रहे।

## एनटीपीसी विंध्याचल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का उत्साहपूर्ण आयोजन



सिंगरौली। एनटीपीसी विंध्याचल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया, जिसमें महिला कर्मचारियों के महत्वपूर्ण योगदान को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों में कार्यरत महिलाओं के योगदान को दर्शाने वाला एक लघु वीडियो प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सुश्री अरुणिमा पात्रा, फाउंडर डायरेक्टर, तन्वी कंसल्टेंसी सर्विसेज प्रा. लि. एवं राष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर का प्रेरक सत्र रहा। उन्होंने महिला कर्मचारियों के लिए भावनात्मक बुद्धिमत्ता, वित्तीय जागरूकता और नेतृत्व विकास पर एक रोचक एवं उपयोगी सत्र लिया।

इस अवसर पर सुश्री मृणालिनी, अपर महाप्रबंधक(मानव संसाधन) ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान "शक्ति वॉक – #शी लिड्स भारत" के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर श्री ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) ने अपने संबोधन में महिलाओं के समर्पण और नेतृत्व की सराहना की तथा ओएनजीसी और सेल जैसे संगठनों के उदाहरण देते हुए महिला सशक्तिकरण के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में श्री एम. सुरेश, महाप्रबंधक(मेंटेनेंस एवं एडीएम), श्री एस.के. सिन्हा, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं एफएम), डॉ. बी.के. भराली, महाप्रबंधक (चिकित्सा), श्री देबब्रत त्रिपाठी, महाप्रबंधक(तकनीकी सेवाएँ एवं परियोजना), श्रीमती रूमा दे शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख(विंध्याचल) तथा डॉ. देबस्मिता त्रिपाठी, अपर महाप्रबंधक (आरएलआई) भी उपस्थित रही।

कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा सुश्री अरुणिमा पात्रा तथा सभी महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती कामना शर्मा, उप महाप्रबंधक(मानव संसाधन) और श्रीमती अनम खान, ऑफिसर (मानव संसाधन) ने किया तथा आरएलआई, टीएडी और आईटी विभाग के सहयोग से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## टिकुरी में 55 लाख की लागत से बनी पहली बेटी विवाह वाटिका का शुभारंभ

**विधायक का होली मिलन समारोह भी आयोजित**

खजुराहो। राजनगर जनपद पंचायत के ग्राम टिकुरी में लगभग 55 लाख रुपये की लागत से निर्मित पहली बेटी विवाह वाटिका का शुभारंभ राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया ने किया। इस अवसर पर विधायक ने बताया कि जनपद में कुल 40 बेटी विवाह वाटिकाएं विभिन्न ग्राम पंचायतों में बनकर तैयार की जाएंगी। इन वाटिकाओं का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बेटियों के विवाह के लिए शहरों की तरह अलग से स्थल बुक करने की आवश्यकता को समाप्त करना है।

विधायक अरविंद पटेरिया ने मीडिया से बातचीत में कहा कि इन वाटिकाओं में कुछ राशि जमा करके बेटियों की शादी का आयोजन किया जाएगा, जिससे परिवारों को आर्थिक बोझ कम होगा। साथ ही, टिकुरी की इस बेटी विवाह वाटिका परिसर में ही एक नवीन आंगनवाड़ी भवन की भी स्थापना की गई है, जो ग्रामीण बच्चों की देखभाल और शिक्षा में सहायक सिद्ध होगी।

कार्यक्रम के दौरान विधायक ने ग्राम टिकुरी में होली मिलन समारोह भी आयोजित किया, जिसमें टिकुरी सहित आसपास के अन्य ग्रामों के लोगों ने विधायक के साथ होली खेली और उत्साह



के साथ भाग लिया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत टिकुरी की सरपंच शीला आदिवासी, सहायक सचिव रोहित द्विवेदी, सचिव रमेश द्विवेदी, पूर्व सरपंच ब्रजगोपाल अवस्थी, बद्री अवस्थी, राजनगर जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रेम बाई मनीराम कुशवाहा, नगर परिषद अध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ पप्पू अवस्थी, सचिव संजय मिश्रा धवाड़ तथा क्षेत्र के भाजपा मंडल अध्यक्ष और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

**नॉर्दर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में खनन कार्यों में सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाना उद्देश्य**

## एनसीएल में खान सुरक्षा पर मैराथन संवाद कार्यक्रम आयोजित

सिंगरौली। नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में शुक्रवार को खनन कार्यों में सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एमडीआई, सीईटीआई, सिंगरौली में एक मैराथन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीजीएमएस, कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) तथा एनसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ संविदा एजेंसियों के प्रतिनिधियों, जेसीसी सदस्यों और सेफ्टी बोर्ड के सदस्यों ने भाग लिया।



इस अवसर पर सीईटीआई में आयोजित कार्यक्रम में नीरज कुमार, डीडीजी, डीजीएमएस नॉर्दर्न जोन, गाजियाबाद; अच्युत घटक, निदेशक (तकनीकी), कोल इंडिया लिमिटेड; आशुतोष द्विवेदी, निदेशक (तकनीकी), एनसीएल; राजीव कृष्णकुमार, डीएमएस (माइनिंग), वाराणसी रीजन; के. विजय कुमार, डीएमएस (मैकेनिकल), नॉर्दर्न जोन, गाजियाबाद; बी. बेहरे, डीएमएस (इलेक्ट्रिकल), नॉर्दर्न जोन, गाजियाबाद; सी.पी. गर्ग, ईडी (सेफ्टी एंड रेस्क्यू), सीआईएल; के. जीवन कुमार, डीडीएमएस (माइनिंग), वाराणसी रीजन तथा यू.के. साहू, डीडीएमएस (मैकेनिकल), नॉर्दर्न जोन, गाजियाबाद सहित एनसीएल के क्षेत्रीय महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत तीन चरणों में संवाद सत्र आयोजित किए गए। पहले सत्र में सभी परियोजनाओं के महाप्रबंधक, माइन मैनेजर, प्रोजेक्ट इंजीनियर, सेफ्टी अधिकारियों एवं अन्य ने भाग लिया, जिसमें खान संचालन से जुड़ी सुरक्षा, सर्वोत्तम प्रथाओं तथा चुनौतियों पर चर्चा करते हुए उनके समाधान पर विचार-विमर्श किया गया।

दूसरे सत्र में एचओई संविदाकार व कोयला परिवहन के



संविदाकारों के साथ चर्चा हुई, जिसमें सुरक्षित खनन संचालन सुनिश्चित करने के लिए जमीनी स्तर की समस्याओं और उनके मूल कारणों पर विशेष रूप से विचार किया गया।

इसी क्रम में एनसीएल मुख्यालय में आयोजित तीसरे संवाद सत्र में जेसीसी, सीएमओएआई एवं सेफ्टी बोर्ड के सदस्यों के साथ विशेष बातचीत की गई। इस सत्र में एनसीएल के सीएमडी बी. साईराम भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

इस दौरान जेसीसी सदस्यों, सीएमओएआई प्रतिनिधियों और सेफ्टी बोर्ड के सदस्यों ने सुरक्षित खनन संचालन से जुड़े अपने अनुभव और अवलोकन साझा करते हुए कई व्यावहारिक सुझाव दिए। इस अवसर पर सीएमडी, एनसीएल बी. साईराम ने अपने संबोधन में उन्होंने कर्मियों में सिचुएशनल अवेयरनेस विकसित करने, प्रशिक्षण को और अधिक प्रभावी बनाने, व्यावसायिक प्रशिक्षण के डिजिटलीकरण तथा वर्गीकृत प्रशिक्षण प्रणाली को सुदृढ़ करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि टास्क फोर्स के माध्यम से निरीक्षण प्रणाली को और मजबूत करते हुए प्रत्येक स्तर पर सुरक्षा के प्रति सजगता बढ़ाना आवश्यक है उन्होंने सभी से सुरक्षा के प्रति दृढ़ संकल्प लेने और कार्यस्थल पर 'सुरक्षा प्रथम' का आह्वान किया।

डीडीजी, डीजीएमएस नॉर्दर्न जोन गाजियाबाद, नीरज कुमार ने कहा कि सुरक्षा को और सुदृढ़ करने के लिए नई पहलें विकसित करते हुए एक स्पष्ट और व्यावहारिक रोडमैप तैयार किया जाना चाहिए। उन्होंने 'सेल्फ इंस्पेक्शन' की संस्कृति को बढ़ावा देने, सुरक्षा प्रोत्साहन योजनाओं को लागू करने, रिकॉर्ड कीपिंग को बेहतर बनाने तथा खदानों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया। साथ ही उन्होंने लक्षित प्रशिक्षण कार्यक्रमों औरके माध्यम से सुरक्षा प्रबंधन को और मजबूत बनाने की आवश्यकता बताया।

निदेशक (तकनीकी), सीआईएल अच्युत घटक ने कहा कि सुरक्षा के क्षेत्र में डीजीएमएस द्वारा दिए गए सुझावों का प्रभावी क्रियान्वयन अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने कहा कि सुरक्षा तभी मजबूत होगी जब संगठन में दो-तरफा संवाद की संस्कृति विकसित हो और निरीक्षण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी घटना से सीखते हुए रूट कॉज एनालिसिस के माध्यम से रोड मैप के साथ स्थायी समाधान विकसित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकों का प्रभावी उपयोग भी सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है ।

कार्यक्रम में दुर्घटनाओं का मूल कारण, व्यवहार संबंधी पहलू, प्रभावी संचार, बैक शिफ्ट निरीक्षण, प्रशिक्षण, तकनीक का उपयोग, सेफ्टी टॉक, एसओपी का प्रभावी क्रियान्वयन तथा गुणवत्ता निरीक्षण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर एनसीएल में माइन सेफ़्टी से संबंधित विभिन्न पहलों को विस्तार से रखा गया ।

सुरक्षा संवाद कार्यक्रम के आयोजन में एनसीएल के महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव) एवं उनकी टीम की भूमिका अहम रही।

**खबर संक्षेप**

### परीक्षा देकर स्कूल से बाहर निकलते ही 10वीं के छात्र के ऊपर हुआ प्राणघातक हमला



**रीवा।** जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत महसांव में दसवीं कक्षा के छात्र के ऊपर कुछ सरहंगों ने प्राण घातक हमला कर दिया। घायल छात्र द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई है पुलिस मामले की जांच कर रही है, मिली जानकारी अनुसार हायर सेकेंडरी स्कूल महसांव में पढ़ने वाले छात्र आयुष चतुर्वेदी पिता अवनीश चतुर्वेदी उम्र 16 वर्ष निवासी महसांव भइया टोला स्कूल से कक्षा 10वीं की परीक्षा देकर बाहर निकलते ही राइस मिल के समीप दर्जन भर की संख्या में मौजूद छात्रों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। घायल आयुष चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि मारपीट करने वाले युवक राजहंस स्कूल रीवा के छात्र है जिनका सेंटर हायर सेकेंडरी स्कूल महसांव में था,घायल छात्र ने बताया कि स्कूल में ही हफ्ते भर पहले परीक्षा के दौरान कहा सुनी हो गई थी लेकिन आज परीक्षा के अंतिम दिन 12:30 बजे के लगभग वह परीक्षा देकर स्कूल से निकला तभी कुछ दूर घात लगाकर बैठे छात्रों ने उसके ऊपर हमला कर दिया, छात्र ने बताया कि जब वह साइकिल से घर जा रहा था तभी रास्ते में अचानक हमारे ऊपर धारदार हथियार से मारपीट करना शुरू कर दिए,हल्ला गुहार सुनकर वहीं मौजूद ढाबा के संचालक राजा चौरसिया सहित कई लोग पहुंच गए लेकिन उनके पहुंचते ही मारपीट करने वाले दर्जन भर की संख्या में छात्र मोटरसाइकिल से फरार हो गए। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

### जांबाज़ नायक रजनीश त्रिपाठी पंचतत्व में विलीन, सेना ने दी अंतिम सलामी



**रीवा।** जिले के गुढ़ तहसील अंतर्गत बदवार गांव के निवासी सेना के जांबाज़ नायक रजनीश त्रिपाठी का आकस्मिक निधन हो गया। शनिवार को उनके गृह ग्राम में पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। सेना के जवानों ने उन्हें अंतिम सलामी दी। इस दौरान गांव सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों की बड़ी संख्या मौजूद रही। अपने बेटे को अंतिम विदाई देते समय परिजनों और ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्वर्गीय रजनीश त्रिपाठी वर्ष 2008 में भारतीय सेना में भर्ती हुए थे। वर्तमान में उनकी पदस्थापना सिग्नल कोर झांसी में थी। बताया जा रहा है कि तीन दिन पहले वह बाथरूम में फिसल गए थे, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आ गई थी। घटना के बाद उन्हें तत्काल उपचार के लिए आर्मी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी हालत गंभीर बनी रही और अंततः उनकी मृत्यु हो गई।

# महिलाओं की भूमिका केवल परिवार तक सीमित नहीं

## प्रशासन, बैंकिंग, शिक्षा, विज्ञान और उद्यमिता जैसे प्रत्येक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रहीं

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला विशेष कार्यशाला का आयोजन




**रीवा ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय रीवा द्वारा होटल सेलिब्रेशन में एक गरिमामय महिला विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बैंक की महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ रीवा शहर की सम्मानित महिला ग्राहकों को सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और वित्तीय जागरूकता के विषय में प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अपर कलेक्टर रीवा श्रीमती सपना त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य नीलम राय, प्राध्यापिका एवं कवयित्री आरती त्रिपाठी, क्षेत्र प्रमुख एवं उप महाप्रबंधक अजय खरे तथा उपक्षेत्र प्रमुख मोहम्मद इब्राहीम उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत बैंक के अधिकारियों द्वारा पौधा प्रदान कर किया गया। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने कहा कि आज के समय में महिलाओं की भूमिका केवल परिवार तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि वे प्रशासन, बैंकिंग, शिक्षा, विज्ञान और उद्यमिता जैसे प्रत्येक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक प्रगति तब संभव होती है जब महिलाओं को समान अवसर, सम्मान और निर्णय-प्रक्रिया में सहभागिता मिले। महिलाओं की प्रगति केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे समाज की प्रगति का आधार है। जब एक महिला शिक्षित, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनती है, तब वह केवल अपने परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे समाज को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बैंकिंग जैसे क्षेत्र में कार्यरत महिलाएं आर्थिक सशक्तिकरण की सशक्त प्रतिनिधि हैं और वे समाज में सकारात्मक परिवर्तन की प्रेरणा बन सकती हैं। वित्तीय साक्षरता और आत्मनिर्भरता महिलाओं को मजबूत बनाती है तथा बैंकिंग संस्थानों की जिम्मेदारी है कि वे महिलाओं को सुरक्षित और सहज बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराते हुए उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाने में सहयोग करें। कार्यक्रम में क्षेत्र प्रमुख एवं उप महाप्रबंधक अजय खरे ने कहा कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से निरंतर कार्य कर रहा है। बैंक महिलाओं को उद्यमिता, स्वरोजगार और वित्तीय समावेशन से जोड़ने के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रहा है, जिससे वे आर्थिक रूप से सुदृढ़ बन सकें। इस अवसर पर प्रतिभागियों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को ध्यान में रखते हुए एक मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उपक्षेत्र प्रमुख मोहम्मद इब्राहीम ने अपने धन्यवाद ज्ञापन में मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों तथा उपस्थित सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## गौशालाओं के संचालन में भ्रष्टाचार, विभागीय अधिकारियों द्वारा नहीं की जाती जांच एवं कार्रवाई



### बरेती कला की गौशाला में चारा पानी के अभाव में मर रहे गौवंश

**रीवा ।** तराई अंचल के जत्रा विकासखंड क्षेत्र में संचालित गौशालाओं की हालत अत्यंत दयनीय है। गौशाला संचालक एवं जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों द्वारा शासन के आखों में धूल झोंककर खुलेआम भ्रष्टाचार किया जा रहा है। जिग्मेदार विभाग के अधिकारियों की तथाकथित मिली भगत से गौशाला संचालकों द्वारा भूसा के नाम पर लाखों की राशि का आहरण कर किया जा रहा है लेकिन गौवंशो को शासन की योजना अनुसार चारा पानी तक नींब नहीं हो पा रहा। जिम्मेदारों द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार के कारण गौशालाओं से आये दिन गायों के मरने की खबर भी आती रहती है लेकिन जिम्मेदार विभागीय तंत्र द्वारा कोई जांच एवं कार्यवाही नहीं की जाती है जिसका फायदा गौशाला संचालक उठाते है और अपनी जेब भरने का काम करते है। बता दे कि जया जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बरेती कला के गौशाला का एक बीडियो क्षेत्र में सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जहा पर गौशाला के बाहर कई गौवंश मरे पड़े है। इस सबंध में ग्रामीणों ने कहा गौशाला में न तो भूसा है न ही पानी की व्यवस्था है न ही
कोई देखरेख करने वाला है चारे-पानी एवं स्थिति दयनीय है और लगातार गायों अव्यवस्था के अभाव में गायों की की मौत हो रही हैं।

### बदहाल व्यवस्था, जिम्मेदार मौन

जवा विकासखंड क्षेत्र से वायरल वीडियो गौशाला की बदक्षात स्थिति को दर्शाता है कि किस तरह से लाखों की लागत से बनी गौशाला जर्जर हो गई है गौशाला सेट की चद्दरें गायब हो चुकी है लेकिन जया जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारी और ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव बेखबर है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बरेती कला की गौशाला कई वर्ष पहले बनकर तैयार हो चुकी है लेकिन आज तक गौशाला को किसी को सुपुर्द नहीं किया गया इसलिए गौशाला की यह दुर्दशा हो गई है। फिलहाल जब तक किसी समूह या संस्था को सुपुर्द नहीं किया जाता है तब तक ग्राम पंचायत की जिम्मेदारी होती है। बताया जा रहा है कि ग्रामीण अपनी खेती बचाने के लिए आवारा पशुओं को गौशाला में बंद कर देते हैं लेकिन चारा भूसा और पानी नहीं होने से गौवश भर रहे हैं। वायरल वीडियो में 4 गौवंश बाहर मरी हुई दिख रही और दो गए गौशाला के अंदर मरने की कगार में है। यह सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि मर रहीं गायो का जिम्मेदार कौन? ग्रामीणों ने कलेक्टर रीवा का ध्यान आकृष्ट कराते हुए माग की है कि बदहाल गौशाला की जाय कराकर उक्त जिम्मेदार अधिकारियों कर्मचारियों कार्यवाही की जाय ताकि गौशाला में मर रही गायों को बचाया जा सके।

## विश्व महिला दिवस पर किया गया फिट इंडिया महिला सप्ताह का आयोजन

**रीवा ।** शासन के निर्देशों के अनुसार जिले भर में 6 मार्च से 10 मार्च तक फिट इंडिया महिला सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में विश्व महिला दिवस से एक दिन पूर्व जिले भर में महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न आयोजन किए गए। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह ने बताया कि फिट इंडिया महिला सप्ताह का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को शारीरिक रूप से स्वस्थ, सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना है। इस क्रम में दिनांक 7 मार्च को जिले के विभिन्न महिला छात्रावासों में आत्मरक्षा एवं सुरक्षा प्रशिक्षण, खेल प्रतियोगिताएँ, योग अभ्यास तथा स्वास्थ्य जागरूकता से संबंधित गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम की श्रृंखला में दिनांक 8 मार्च को विश्व महिला दिवस के अवसर पर पीएमश्री आदर्श विज्ञान महाविद्यालय रीवा के सभागार में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही महिलाओं के सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम स्थल पर परिवहन विभाग द्वारा महिलाओं के लिए निःशुल्क पिंक ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाने की विशेष सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने जिले की समस्त महिलाओं एवं बालिकाओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने का आग्रह किया है।

## निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 से 28 मार्च तक

### प्रवेश के लिए 2 अप्रैल को निकलेगी लॉटरी

**रीवा ।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च से प्रारंभ होंगे। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च निर्धारित की गई है,डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू आरटीईपोर्टल डॉट एमपी डॉट जीओभी डॉट इन पर ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रारूप एवं निर्देश उपलब्ध कराये गए हैं। निजी विद्यालय में निःशुल्क प्रवेश के लिए आवेदकों का चयन, ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से 2 अप्रैल को किया जायेगा।संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र हरजिंदर सिंह ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए समय-सारिणी भी जारी कर दी गई है। समय-सारिणी एवं दिशा निर्देश आर.टी.ई. पोर्टल पर भी उपलब्ध हैं। सत्र 2026-27 के लिए जारी समय सारिणी के अनुसार, निःशुल्क प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट्स का पोर्टल पर प्रदर्शन दिनांक 9 मार्च से किया जाएगा। वहीं वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के आवेदक अपना आवेदन, ऑनलाइन प्रक्रिया से 13 मार्च से 28 मार्च के बीच जमा कर पंजीयन कर सकते हैं। फार्म के साथ पात्रता सम्बंधित कोई भी एक दस्तावेज अपलोड करना होगा। ऑनलाइन आवेदन के पश्चात आवेदकों को इसी अवधि में त्रुटि सुधार का अवसर भी मिलेगा। 14 मार्च से 30 मार्च की अवधि में दस्तावेजों का सत्यापन संबंधित संकुल केन्द्र वाले स्कूल में अधिकृत सत्यापनकर्ता अधिकारी से करवाना होगा। आवेदक ने आर.टी.ई. में निःशुल्क प्रवेश के लिये जिस कैटेगरी/निवास क्षेत्र के माध्यम से प्रवेश चाहा है। कैटेगरी एवं निवास प्रमाण का सत्यापन संबंधित मूल प्रमाण पत्र से किया जायेगा। लाटरी के पूर्व ही दस्तावेज सत्यापन हो जाने से प्रवेश में किसी तरह की कठिनाई नहीं होगी। ऑनलाइन आवेदन करने में कोई समस्या या कठिनाई होने की स्थिति में संबधित विकासखंड के बीआरसी कार्यालय में भी संपर्क किया जा सकता है। 2 अप्रैल को ऑनलाइन लॉटरी द्वारा छात्रों को निजी स्कूलों में सीट का आवंटन किया जायेगा। लॉटरी प्रक्रिया के उपरांत आवंटित सीट की जानकारी, आवेदक को उसके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर, एसएमएस के माध्यम से प्रदान की जायेगी। ऑनलाइन लॉटरी की सूची आर.टी.ई. पोर्टल पर भी उपलब्ध रहेगी। किसी आवेदक को आवेदन करने में कोई दिक्कत हो या उन स्कूलों की जानकारी चाहिए हों, जहां सीटें खाली हैं, तो आर.टी.ई. पोर्टल अथवा सर्व शिक्षा अभियान के ज़िला परियोजना कार्यालय अथवा विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र या जनशिक्षा केन्द्र कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। आयु के संबंध में, नर्सरी/के.जी.-1/के.जी-2 कक्षाओं में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 3 से 4 वर्ष 6 माह एवं कक्षा-1 में प्रवेश के लिये न्यूनतम आयु 6 वर्ष से अधिक से 7 वर्ष 6 माह तक निर्धारित की गई है। सत्र 2026-27 के प्रवेश हेतु नर्सरी/के.जी.-1/के.जी-2 कक्षाओं के लिए आवेदक की आयु की गणना दिनांक 31 जुलाई 2026 की स्थिति में एवं कक्षा 1 के लिए 30 सितम्बर 2026 की स्थिति में की जायेगी।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



**मऊगंज।** महिला एवं बाल विकास विभाग जिला मऊगंज के परियोजना अधिकारी निर्मला शर्मा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय फिट इंडिया वूमन्स वीक के तहत साइकिलिंग फार हेल्थ पर आयोजन 7 मार्च को पीएम श्री महाविद्यालय मऊगंज में बच्चों के साथ जागरूकता संबाद किया गया साथ ही महाविद्यालय के छात्रों को सेल्फ डिफेंस और हेल्थ टिप्स फिटनेस फार्मूला जैसे विषयों पर प्रकाश डाला गया साथ ही बच्चियों को विशेषकर ज्ञानोपयोगी परीक्षा के लिए तैयारी करने के बारे में बताया गया। जिसके तहत प्राचार्य डॉ एसडी पांडेय, डाक्टर आर एन पटेल ने विस्तार से बताया।

### साइकिलिंग कार्यक्रम वनपाडर में हुआ आयोजित

शासकीय हाईस्कूल पाडर के छात्रों ने साइकिलिंग फार हेल्थ पर बढ़-चढ़ कर भाग लिया अहिंसा वेलफेयर सोसायटी जिला मऊगंज समन्वयक सुरेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी ने बताया कि प्रतिदिन 5 किलोमीटर साइकिल से चलने से गुठने जोड़ों तक की एक्सरसाइज होती है जिससे नियमित करने से पैर का दर्द जोड़ो का दर्द ठीक हो जाता है कार्यक्रम में मुख्य रूप सीडीपीओ निर्मला शर्मा, समाजसेवी राजेश पटेल, विद्यालय के स्टाफ अहिंसा टीम से आशीष कुमार शुक्ला सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे हैं ।

इसी तरह महिला एवं बाल विकास परियोजना हनुमना क्रमांक दो अन्तर्गत शासन के निर्देशानुसार तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन का शुभारंभ ग्राम पंचायत सभागार पटेहरा में किया गया। परियोजना अधिकारी शंखधर त्रिपाठी ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त करना एवं न्याय के प्रति जागरूक करना है। विकासखंड समन्वयक सर्वेश सिंह गहरवार ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने, लैंगिक असमानताओं को खत्म करने आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की। बघेली लोकगीत गाकर बिटिया जन्मोत्सव एवं भ्रूण हत्या रोकने हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सभापति महिला बाल विकास ब्लॉक हनुमना एवं सरपंच ग्राम पंचायत पटेहरा रहीं। वर्ष 2026 की थीम ₹गिव टू गेनर₹ है उसी के अनुरूप लगातार कार्यक्रमों का आयोजन कर बाल विवाह रोकथाभ, सामाजिक समानता,बालिका शिक्षा एवं सुरक्षा आदि विषयों पर परिचर्चा कर जनजागरुकता की जा रही है । इस कार्यक्रम में सेक्टर पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के साथ कई संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

## सीएमएचओ को लेकर विवाद समाप्त, डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने फिर संभाला प्रभार

**रीवा।** जिला स्वास्थ्य विभाग में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) के पद को लेकर पिछले कई दिनों से चल रही असमंजस की स्थिति आखिरकार समाप्त हो गई है। हाईकोर्ट ने डॉ. आर.बी. चौधरी द्वारा दायर याचिका को डिस्पोज कर दिया है, जिसके बाद शासन द्वारा जारी नियुक्ति आदेश की वैधता पुनः प्रभावी हो गई है। इसके साथ ही डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने एक बार फिर रीवा जिले के सीएमएचओ का प्रभार ग्रहण कर लिया है।

दरअसल, सात जनवरी को राज्य शासन ने चिकित्सा शिक्षा विभाग से डॉ. यत्नेश त्रिपाठी की सेवाएं वापस लेते हुए उन्हें रीवा जिले का सीएमएचओ नियुक्त किया था। शासन के इस आदेश के बाद डॉ. त्रिपाठी ने पदभार संभालने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। हालांकि, इस नियुक्ति पर वरिष्ठता का मुद्दा उठाते हुए डॉ. आर.बी. चौधरी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी थी।

डॉ. चौधरी का कहना था कि वे वरिष्ठ हैं और नियमों के अनुसार उन्हें ही सीएमएचओ का प्रभार दिया जाना चाहिए। याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई के दौरान कोर्ट ने शासन के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी थी। इस कारण जिले में सीएमएचओ के पद को लेकर अनिश्चितता की स्थिति बनी रही। इस बीच प्रशासनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर ने जिला क्षय अधिकारी डॉ. अनुराग शर्मा को अस्थायी रूप से सीएमएचओ का प्रभार सौंप दिया था। वे पिछले कुछ समय से विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

मामले की अंतिम सुनवाई छह मार्च को हाईकोर्ट में हुई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने डॉ. आर.बी. चौधरी की याचिका को डिस्पोज कर दिया। अदालत के इस फैसले के बाद शासन द्वारा जारी पूर्व आदेश प्रभावी हो गया और डॉ. यत्नेश त्रिपाठी की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया। कोर्ट के फैसले के बाद शुक्रवार दोपहर डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने पुनः रीवा जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का प्रभार ग्रहण कर लिया। उनके पदभार संभालने के साथ ही जिले के स्वास्थ्य विभाग में चल रही प्रशासनिक असमंजस की स्थिति भी समाप्त हो गई है।स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अब नियमित प्रशासनिक व्यवस्था के तहत विभागीय कार्यों में तेजी आएगी और स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन में भी सुगमता होगी।

### राम जी नाम ही दुःख हरने का काम करता है,,श्री राघवाचार्य जी महाराज*

**मऊगंज।** नौ दिवसीय श्रीमद्भबाल्मीकीय रामायण कथा महोत्सव हनुमंता मनगवां में आज तीसरे दिन में भारी भीड़ उमड़ी जिसमें कथा महोत्सव में श्री राघवाचार्य जी महाराज ने कहा कि हम हर मुश्किल में राम जी का नाम लेने मात्र से ही मुश्किल का हल है क्योंकि आप हमेशा ध्यान रखें जब किसी आफिस में जाये काम नहीं होता हों तो जय श्री राम का अभिवादन करें तो आपको परिणाम अलग ही मिलेगा, वहीं कथा महोत्सव में आने वाले हर प्राणी को भगवान अलग शक्ति प्रदान करते हैं संसार में माया की है जो हर जीव अपने अपने संसाधनों में लगे हैं लेकिन जो भगवान की शरण में आते है वहीं बैकुंठ का हक धारी है, भगवान की कृपा पाने वाला प्राणी ही हमेशा खुशमय जीवन का प्रतिभागी होता है, भगवान की महिमा भी अच्छे श्रृद्धालु को मिलता है,इस दौरान आयोजन कर्ता डा सीताशरण तिवारी ने सभी का स्वागत करते हुए महराज जी का पुष्पहारों से स्वागत करते हुए कहा कि आज कथा महोत्सव का तीसरा दिन है और आप सबकी उपस्थित हम सबको संबल प्रदान करती है इसी तरह आप सबकी उपस्थित शेष दिनों को भी विशेष बनायेगी,इस दौरान मनोज तिवारी, शत्रुघ्न सिंह बघेल,डा ऋषि कुमार तिवारी, कमलेश्वर सिंह परिहार,राम लखन सिंह महगना, बालेन्द्र तिवारी अधिवक्ता,शिव हरि शर्मा,राम जी गुप्ता,श्याम सुंदर सोनी, अनिल कुमार गुप्ता मनिकवार सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव का सबसे कारगर उपाय है एचपीवी टीकाकरण

### मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने की एचपीवी टीकाकरण की अपील




**रीवा ।** कैंसर घातक बीमारी है। महिलाओं में होने वाले कैंसर में सर्वाधिक प्रकोप सर्वाइकल कैंसर का होता है। इससे बचाव के लिए सबसे कारगर उपाय एचपीवी टीकाकरण है। यह टीका 14 और 15 वर्ष की किशोरी बेटियों को लगाया जाता है। रीवा जिले में समग्र पोर्टल के माध्यम से चिन्हित 27825 बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीके लगाए जा रहे हैं। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने बताया है कि ह्यूमेन पैपिलोमा वायरस यानी एचपीवी से बचाव का सबसे कारगर उपाय टीकाकरण है। इसी वायरस के कारण सर्वाइकल कैंसर का प्रकोप होता है। रीवा जिले में मेडिकल कालेज, जिला चिकित्सालय बिछिया, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा सेमरिया में चिन्हित किशोरियों को एचपीवी टीके निःशुल्क लगाए जा रहे हैं। यह टीका सर्वाइकल कैंसर से बचाव का सबसे कारगर उपाय होने के साथ-साथ पूरी तरह से सुरक्षित है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने आमजनता से अपील करते हुए कहा है कि माता-पिता अपनी लाड़ली बेटियों को सर्वाइकल कैंसर जैसे घातक रोग से बचाव के लिए एचपीवी टीका अवश्य लगवाएं। यह बेटियों के लिए सबसे बड़ा आशीर्वाद होगा। डॉ. त्रिपाठी ने कहा है कि जिला शिक्षा अधिकारी और सभी प्राचार्य स्कूल में अध्ययनरत 14 और 15 वर्ष की किशोरियों को निकट के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाकर एचपीवी टीका निःशुल्क लगवाएं।